करौली-हिंडौन भास्कर

जयपुर, शनिवार, 24 दिसंबर, 2022 | 19

# स्नातक व स्नातकोत्तर स्टूडेंट 10 जनवरी तक जमा करा सकेंगे फीस, शुरुआत 26 से

हिंडौन सिटी| स्नातक द्वितीय वर्ष, तृतीय वर्ष एवं स्नातकोत्तर उत्तरार्द्ध के लिए ऑनलाइन फीस जमा कराने की अंतिम तिथि 10 जनवरी तक जमा होगी। प्राचार्य सुरेशचंद मीना ने बताया कि राजकीय महाविद्यालय में अध्ययनरत स्नातक द्वितीय वर्ष, तृतीय वर्ष एवं स्नातकोत्तर उत्तरार्द्ध के लिए अंतिम अवसर प्रदान करते हुए प्रवेश नवीनीकरण तथा विद्यार्थियों द्वारा ई मित्र पर 26 दिसंबर से 10 जनवरी तक फीस जमा करवाई जा सकती है।

करौली-हिंडौन भास्कर

जयपुर, शनिवार, 5 नवंबर, 2022 | 17

शिक्षा • राजकीय पीजी कॉलेज में (एमए प्री.) में दाखिला लेने के लिए पहली प्रवेश सूची जारी, 11 नवंबर तक जमा कराई जा सकती है फीस

# एमए प्रीवियस हिंदी में सामान्य वर्ग में सबसे ज्यादा 58.29 और सबसे कम एमबीसी वर्ग के स्टूडेंट को 46.96 मार्क्स पर मिल सकेगा प्रवेश

कार्यालय संवाददाता| हिंडौन सिटी

शहर के राजकीय पीजी कॉलेज में एमए प्रीवियस व एमएससी में दाखिला लेने के लिए स्टूडेंटों से लिए गए आवेदनों के बाद शुक्रवार को प्रवेश की मेरिट सूची जारी कर दी गई है। एम प्रीवियस हिन्दी व राजनीति विज्ञान में 60-60 सीट व एमएससी में 30-30 सीटों पर प्रवेश दिया जाना है। पहले चरण की सूची में मेरिट लिस्ट व प्रतीक्षा सूची के कट ऑफ मार्क्स जारी किए गए हैं। स्टूडेंट 11 नवंबर तक ई-मित्र के माध्यम से फीस जमा करवा सकते हैं। बताया कि सभी दिव्यांग, कोविड-19 के तहत जिन्होंने प्रवेश के लिए आवेदन किया था, उनके नाम मेरिट सूची में शामिल किए गए हैं। ईडब्यलूएस के सभी अभ्यर्थी के नाम भी मेरिट व प्रतीक्षा सूची में हैं। प्रतीक्षा सूची प्रकाशन में सावधानी बरती गई है, फिर भी कॉलेज की सूचना को ही मान्य माना जाए।

राजकीय कॉलेज के प्राचार्य सुरेशचंद मीना ने बताया कि एम प्रीवियस हिन्दी में सामान्य वर्ग में सबसे ज्यादा 58.29 और सबसे कम एमबीसी वर्ग के स्टूडेंट को 46.96 मार्क्स पर दाखिला मिल सकेगा। हिन्दी में सामान्य वर्ग के 58.29, ईडब्लयूएस वर्ग के 56.63, ओबीसी के 50 प्रतिशत, एससी के 52.71, एसटी के 56 प्रतिशत व एमबीसी के 46.96 कट ऑफ मार्क्स रहे हैं। प्रतीक्षा सूची में सामान्य वर्ग की 52, ओबीसी की 39.63, एससी की 45.46 व एसटी की 50.33 प्रतिशत अंक रहे हैं। इसी तरह राजनीति विज्ञान में सामान्य वर्ग की कट ऑफ 60.30, ईडब्ल्यूएस की 48.92, ओबीसी की 51.25, एससी की 56.13, एसटी की 55.83 व एमबीसी की 49.88 कट ऑफ गई है। प्रतीक्षा सूची में सामान्य की 52.67, ओबीसी 46.4, एससी 48.67, एसटी 49.42 कट ऑफ गई है। एमएससी रसायन शास्त्र में सामान्य वर्ग की 79.37, ईडब्ल्यूएस की 77.19, ओबीसी की 75.63, एससी की 72.28, एसटी की 76.86, एमबीसी की 70.11 कट ऑफ गई है। जबकि प्रतीक्षा सूची में सामान्य वर्ग की 74.11, ओबीसी की 73.11, एससी की 69.74, एसटी की 70.09 व एमबीसी की 66.07 गई है। गणित में 82.37, 78.30, 77.70, 67.89, 73.59 व एमबीसी की 62.07 कट ऑफ गई है। प्रतीक्षा सूची में सामान्य वर्ग के 73.56, ईडब्ल्यूएस 72.39, ओबीसी की 69.85, एससी की 64.63, एसटी की 71.70 व एमबीसी की 60.26 कट ऑफ गई है।

करौली-हिंडौन भास्कर

जयपुर, मंगलवार, 11 अक्टूबर, 2022 | 15

# 4 विषयों में स्नातकोत्तर पूर्वार्द्ध प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 27 तक होंगे

**हिंडौन सिटी**| आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान जयपुर के निर्देशानुसार स्थानीय राजकीय महाविद्यालय हिंडौन सिटी में स्नातकोत्तर पूर्वार्द्ध में हिन्दी में 60 सीट, राजनीति विज्ञान में 60 सीट, रसायन शास्त्र में 30 सीट, गणित में 30 सीटों के लिए ऑनलाइन प्रवेश आवेदन-पत्र भरने कि अंतिम तिथि 27 अक्टूबर तक निर्धारित है। राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य सुरेश चंद मीना ने बताया कि इच्छुक छात्र-छात्राएं महाविद्यालय में प्रवेश के लिए ई मित्र के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते है।

करौली-हिंडौन भास्कर

जयपुर, गुरुवार, 22 सितंबर, 2022 | 15

## न्यूज ब्रीफ

# कॉलेज में स्नातकोत्तर पूर्वार्ध के लिए ऑनलाइन प्रवेश की तिथि 6 अक्टूबर

**हिंडौन सिटी**| आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान जयपुर के निर्देशानुसार शहर राजकीय पीजी महाविद्यालय में स्नातकोत्तर पूर्वार्ध में हिन्दी में 60 सीट, राजनीति विज्ञान में 60 सीट, रसायनशास्त्र में 30 सीट, गणित में 30 सीटों के लिए ऑनलाइन प्रवेश आवेदन-पत्र भरने कि अंतिम तिथि 6 अक्टूबर रखी गई है। प्राचार्य सुरेश चंद मीणा ने बताया जो भी अभ्यर्थी कॉलेज में प्रवेश लेना चाहते हैं वो ई-मित्र के माध्यम से ऑनलाइन प्रवेश आवेदन कर सकते हैं।

dainikbhaskar.com

# कॉलेज में फीस जमा करने की अवधि 15 तक बढ़ाई

हिंडौन सिटी| राजकीय पीजी कॉलेज में ई-मित्र के माध्यम से फीस जमा कराने की तिथि बढ़ाते हुए 15 सितंबर किया गया है।

प्राचार्य सुरेश चंद मीना ने बताया कि स्नातक पार्ट द्वितीय, तृतीय एवं स्नातकोत्तर उत्तरार्ध के लिए प्रवेश नवीनीकरण (अस्थाई प्रवेश) एवं ई-मित्र पर फीस जमा कराने के लिए 15 सितंबर तक फीस जमा कराने का अंतिम अवसर प्रदान किया गया है। फीस जमा कराने हेतु छात्र अपनी पूर्व कक्षा की एप्लीकेशन आईडी के माध्यम से जमा करा सकते हैं। किसी भी प्रकार की समस्या हेतु महाविद्यालय में सम्पर्क कर सकते हैं।

करौली-हिंडौन भास्कर

जयपुर, बुधवार,7सितंबर,2022

## न्यूज ब्रीफ

# हिंडौन के राजकीय कॉलेज में रिक्त सीटों पर आवेदन आज से

हिंडौन सिटी। राजकीय कॉलेज एवं कन्या कॉलेज में प्रथम वर्ष में श्रेणीवार रिक्त रहे स्थानों पर प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 7 सितंबर से 13 सितंबर तक किए जा सकते हैं। प्राचार्य सुरेश चंद मीना एवं मुकेश गुप्ता ने बताया कि पीजी कॉलेज में बीए, बीएससी, बीकॉम पार्ट प्रथम व कन्या कॉलेज में बीए पार्ट प्रथम में रिक्त स्थानों पर ई-मित्र केन्द्रों के माध्यम से प्रवेश के लिए आवेदन किए जा सकते हैं।

करौली-हिंडौन भास्कर

जयपुर, शनिवार, 6 अगस्त, 2022 | 17

# बीए-बीएससी प्रथम वर्ष में प्रवेश की सूची जारी की

**हिंडौन सिटी।** राजकीय पीजी कॉलेज में बीए व बीएससी प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए जमा हुए आवेदनों के बाद वरीयता व प्रतीक्षा सूची जारी कर दी है। प्राचार्य सुरेश मीना ने बताया कि बीए पार्ट प्रथम में प्रवेश के लिए वरीयता सूची में सामान्य वर्ग में 82.40, ईडब्ल्यूएस में 52.60, ओबीसी 75.60, एससी 74.2, एसटी 74.0, एमबीसी में 71.0 प्रतिशत कटऑफ गई है। जबकि प्रतीक्षा सूची में सामान्य वर्ग में 67.60, ओबीसी में 60.20, एससी 62.80, एसटी 62 व एमबीसी में 57 प्रतिशत कटऑफ गई है। बीएससी पार्ट प्रथम (मैथ्स) में सामान्य वर्ग में 83.80, ईडब्ल्यूएस 63.60, ओबीसी में 71.40, एससी 61, एसटी 72, एमबीसी 62 प्रतिशत कट ऑफ गई है।

13 राजस्थान पत्रिका patrika.com
करौली, गुरुवार, 28 जुलाई, 2022

# कॉलेज में प्रथम वर्ष में प्रवेश आवेदन 30 तक

हिण्डौनसिटी @ पत्रिका राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विज्ञान, कला व वाणिज्य संकाय के प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए ऑन लाइन आवेदन 30 जुलाई तक किए जा सकेंगे। प्राचार्य सुरेश चंद मीणा ने बताया कि तीनों संकायों में प्राथम वर्ष में प्रवेश लेने लिए विद्यार्थी ई मित्र कियोस्क के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। अंतिम तिथि तक किए गए आवेदनों के आधार पर वरीयता सूची जारी की जाएगी। मीणा बताया कि महाविद्यायल में इस सत्र से कला वर्ग में भूगोल व अंग्रेजी साहित्य, समाजशात्र, संस्कृत, अर्थशास्त्र, कम्प्यूटर विज्ञान, दर्शन शास्त्र, राजनीति के विज्ञान व हिन्दी साहित्य के नए विषय समूह बनाए गए हैं।

करौली-हिंडौन भास्कर

जयपुर, रविवार, 17 जुलाई, 2022 | 21

# राजकीय कॉलेज में प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए आवेदन तिथि बढ़ाकर 25 जुलाई की

**हिंडौन सिटी** | आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान जयपुर के निर्देशानुसार राजकीय कॉलेज में बीए,बीएससी, बीकॉम पार्ट प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 25 जुलाई कर दी है। पूर्व में 16 जुलाई निर्धारित की गई थी। प्राचार्य सुरेश चंद मीना ने बताया कि प्रवेश के लिए विद्यार्थी ई-मित्र के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। राजकीय महाविद्यालय में नवीन विषय भूगोल व अंग्रेजी साहित्य भी इसी वर्ष संचालित किए जाएंगे।

करौली-हिंडौन भास्कर

जयपुर, मंगलवार, 5 जुलाई, 2022 | 14

# स्वयं पाठी छात्र 7 जुलाई तक परीक्षा आवेदन भरें

हिंडौन सिटी। विश्वविद्यालय की ओर से वर्ष 2022 की होने वाली स्नातक भाग-प्रथम व द्वितीय मय समस्त व्यवसायिक पाठ्यक्रमों भाग प्रथम व द्वितीय (मय समस्त बी. एड. व समस्त एम.एड. इत्यादि पाठ्यक्रम) की परीक्षाओं के नियमित / पूर्व छात्र / स्वयंपाठी ऐसे अभ्यर्थी जो कतिपय [illegible]ों से पूर्व में अपना परीक्षा आवेदन पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाये है। राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य सुरेश चंद मीना ने इस सम्बन्ध में छात्रों से प्राप्त परिवेदनाओं व छात्रहितों के दृष्टिगत सम्बन्धित अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेवसाइट और 4 से 7 जुलाई तक चार गुना परीक्षा शुल्क के साथ परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाइन भरकर, हार्डकॉपी मय दस्तावेज कॉलेज में जमा करवायें।